तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

4 पुसौर में शुरू हुआ उप पंजीयक कार्यालय अब रजिस्ट्री के लिए नहीं जाना पड़ेगा





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### जिले में 760.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 28 जुलाई तक 760.2 मिण्मीण्औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 852.6 मिली मीटर, पुसौर में 795, खरसिया में 690.9, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 544, लैलूंगा में 686.4, मुकडेगा में 949.5, धरमजयगढ़ में 678.4, छाल में 697.7 एवं कापू में 893.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बरौद कोयला खदान में जलभराव से बढ़ी परेशानी

**रायगढ़।** जिले में हो रही लगातार भारी बारिश का असर अब औद्योगिक क्षेत्रों पर भी साफ नजर आने लगा है। घरघोड़ा क्षेत्र स्थित एसईसीएल की बरौद कोयला खदान में भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बारिश के कारण खदान परिसर और भीतर जाने वाले मार्ग पर कीचड़ और पानी भर गया है, जिससे खदान में आने.जाने वाले ट्रेलर चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसारए खदान क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के चलते पूरा रास्ता कीचड़ से पट गया है। ट्रेलर चालक जान जोखिम में डालकर इसी कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते से गाड़ियां चला रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। इस स्थिति से आक्रोशित रायगढ़ जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ ने सोमवार को एसईसीएल प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान हालात ट्रांसपोर्टर्स और चालकों के लिए असहनीय हो चुके हैं। यदि जल्द ही जलनिकासी और मार्ग सुधार की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो संगठन को मजबूरीवश बड़ा कदम उठाना पड़ सकता है। संघ ने मांग की है कि बारिश को देखते हुए खदान तक सुरक्षित और समतल मार्ग उपलब्ध कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को टाला जा सके।

### पिछले साल टूटा था 15 साल का रिकार्ड, फिर भी गंभीर नजर नहीं आ रहे जिम्मेदार

# निगम का दावा : वार्डों में रोजाना हो रहा दवा का छिड़काव, लोगों ने कहा हमने तो नहीं देखा..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुद्दा शहर का

नगर निगम द्वारा दावा किया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र के वार्डों में रोजाना दवा का छिड़काव हो रहा है और फागिंग मशीन भी चलाई जा रही है। जबकि कई वार्डों के लोगों ने बताया कि उन्होंने अब तक निगम अमला को दवा का छिड़काव या फागिंग करते नहीं देखा है। जिससे निगम के दावों की पोल खुल रही है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले साल डेंगू के आंकड़ों ने बीते 15 साल का रिकार्ड तोड़ दिया था। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी डेंगू को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।



दरअसल हर साल नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन द्वारा डेंगू के रोकथाम के संबंध में बैठक कर समीक्षा की जाती है। वहीं कलेक्टर द्वारा नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के अधकारियों को अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है। बैठक के बाद अधिकारी कलेक्टर के निर्देशों को भूल जाते हैं और दफ्तरों में बैठकर नौकरी बजाते हैं। वहीं जब कभी डेंगू के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी होती है या किसी की मौत हो जाती है तो शहर में हाहाकार मचने पर ये जिम्मेदार नींद से जागते हैं और फील्ड पर उतर कर यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि वो कितने एक्टिव हैं। जबकि इस साल भी डेंगू ने जिले में दस्तक दे दी है। अब तक शहर में डेंगू के दो मरीज मिल चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र में कुछ रसूखदारों के वार्डों को छोड़ बाकी वार्डों में अब तक दवा का छिड़काव नहीं किया जा सका है और न ही फागिंग मशीन चलाई गई है। जिससे शहर में डेंगू का खतरा मंडरा रहा है। जिले में पिछले साल डेंगू के 1968 केस मिले थे। इन आंकड़ों ने बीते 15 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। जिसे देखते हुए इस साल जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अधिकारियों की कई बार बैठक भी हो चुकी है। जिसमें यह रणनीति तैयार की गई है कि इस साल शहर सहित जिले में डेंगू को हावी नहीं होने देना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम को 80 लीटर टेमीफास व 50 लीटर बीटीआई उपलब्ध करा दिया गया है। जोकि शहरी क्षेत्र के लिए पर्याप्त है, लेकिन इन दवाओं का छिड़काव हुआ है या नहीं इसकी सुध लेने के बजाय स्वास्थ्य विभाग इसे निगम की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रहा है। इधर शहर में दवा छिड़काव को लेकर भी राजनीति हो रही है। जो वरिष्ठ पार्षद व रसूखदार लोग हैं उनके वार्डों को छोड़ बाकी वार्डों में दवा का बिल्कुल भी छिड़काव नहीं हुआ है। जिससे आने वाले समय में डेंगू शहरवासियों के लिए खतरा बन सकता है।

#### इस साल अब तक मिले डेंगू के दो केस

इस साल अब तक शहर में डेंगू के दो मरीज मिल चुके हैं, लेकिन लोगों में दहशत न फैले इस आशंका से स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को दबा दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ये दोनों केस रायगढ़ में जरूर मिले हैं, लेकिन वो बाहर से डेंगू लेकर आए थे, वर्तमान में वो स्वस्थ्य भी हो चुके हैं।

#### मच्छरों की बढ़ती संख्या से चिंतित हैं शहरवासी

लोगों ने बताया कि बारिश के साथ-साथ मच्छरों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। घर में मच्छर अगरबत्ती, ऑलआउट जैसे साधन उपलब्ध होने के बाद भी मच्छरों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। इसलिए घरों के बाहर फागिंग करना अनिवार्य हो गया है। लोग वार्ड पार्षदों से गुहार तो लगा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

#### स्वास्थ्य विभाग भी हवा में कर रहा दावा

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा भी दावा किया जा रहा है कि नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम वार्डों में लोगों के घर-घर जाकर उन्हें जागरूक कर रही है। वहीं कूलर, गमलों या अन्य स्थानों में पानी जमा नहीं होने देने की बात कहते हुए उन्हें पम्पलेट वितरण भी किया जा रहा है। जबकि कई वार्डों में पतासाजी करने पर पता चला कि उनके यहां तो कोई टीम अब तक नहीं पहुंची है। इस तरह स्वास्थ्य विभाग में सिर्फ हवा में दावा कर रहा है।

#### नालियों तक की नहीं हो रही सफाई

दवा का छिड़काव तो दूर कई वार्डों में कई माह से नालियों तक की सफाई नहीं हो रही है, जिससे नालियों में बारिश का पानी जाम हो रहा है। जबकि डेंगू साफ पानी के साथ-साथ स्थिर पानी में पनपता है। अगर नालियों का पानी बहता रहे तो डेंगू का लार्वा भी पानी के साथ बह जाता है। जिससे उनके पनपने का कोई चांस नहीं रहता, लेकिन शहर के अधिकाशं वार्डों में नालियां जाम है। जिससे भी डेंगू का खतरा बना हुआ है।

#### अब तक घरों में नहीं बटा टेमीफॉस

स्वास्थ्य विभाग की मानें तो बीटीआई बहुत ही हार्ड दवा है। यह डेंगू के लार्वा को पूरी तरह मार देता है। 100 लीटर पानी में एक लीटर बीटीआई मिला कर घोल तैयार किया जाता है। इसके बाद उसे नालियों में स्प्रे किया जाता है। जबकि टेमीफास दवा भी यही काम करता है। जिस जगह में डेंगू का लार्वा होता है या होने के आसार होते हैं वहां टेमीफास को डाला जाता है। 10 लीटर पानी में ढाई एमएल टेमीफॉस मिला कर उसका उपयोग करते हैं। टेमीफास को लोगों के घरों में वितरण करना है, लेकिन नगर निगम द्वारा यह काम भी पूरा नहीं किया गया है।

#### डेंगू जांच के लिए रोजाना अस्पताल पहुंच रहे लोग

शहर के जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में रोजाना डेंगू जांच के लिए चार से पांच मामले आ रहे हैं, लेकिन बीते दिनों मिले दो पॉजिटिव केस के बाद अब तक कोई और डेंगू पॉजिटिव नहीं मिला है। इसके अलावा जो भी सर्दी, तेज बुखार वाले मरीज अस्पताल इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से डेंगू जांच कराने की सलाह दी जा रही है।

#### डेंगू के आंकड़ों पर एक नजर

| साल | - | एलाइजा पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 2010 | - | 0 |
| 2011 | - | 01 |
| 2012 | - | 03 |
| 2013 | - | 0 |
| 2014 | - | 02 |
| 2015 | - | 01 |
| 2016 | - | 14 |
| 2017 | - | 55 |
| 2018 | - | 129 |
| 2019 | - | 269 |
| 2020 | - | 03 |
| 2021 | - | 124 |
| 2022 | - | 02 |
| 2023 | - | 320 |
| 2024 | - | 1968 |

शहर में करीब 15 दिन पहले डेंगू के दो केस मिले थे, जोकि बाहर से डेंगू लेकर आए थे, अब वो ठीक भी हो चुके हैं। हमारे द्वारा नगर निगम को पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध करा दिया गया है। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग टीम घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही है।

**टीजी कुलवेदी**
नोडल अधिकारी, डेंगू, स्वास्थ्य विभाग

नगर निगम द्वारा शहर के 8-8 वार्डों में हर दिन सुबह-शाम दवा का छिड़काव और फागिंग किया जा रहा है। सफाई दरोगा और सुपरवाइजर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिनको निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल दे दिया गया है। हमारे पास दवा की कोई कमी नहीं है।

**शिव यादव**
स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम।

## बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को सरिया विधानसभा के बाढ़ प्रभावित ग्राम पोरथ पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। स्वयंभू शिव मंदिर में पूजा.अर्चना के बाद वे कुर्सी.टेबल छोड़कर जमीन पर बैठकर ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद करते नजर आए। लगातार बारिश के चलते महानदी में आई बाढ़ से हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है, जिसे लेकर ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा मंत्री के समक्ष रखी। फसल नुकसान की गंभीरता को देखते हुए ओपी चौधरी ने एसडीएम व तहसीलदार को तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में 30-30 लाख की लागत से राहत केंद्र बनाए जाएंगे और परसरामपुर से पोरथ तक सड़क चौड़ीकरण कर नई सड़क बनाई जाएगी। पोरथ के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने और स्वास्थ्य केंद्र में जल्द स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति का आश्वासन भी उन्होंने ग्रामीणों को दिया। इसके साथ ही किसानों को नैनो डीएपी खाद के उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने वित्त मंत्री के सादगीपूर्ण व्यवहार और त्वरित फैसलों का स्वागत किया। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं किसान और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम धौराडांड नवागांव में महिला रेखा राऊत की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी लुकेश्वर यादव 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त लोहे की धारदार कुल्हाड़ी और खून से सने कपड़े बरामद कर जब्त किए हैं। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजते हुए जेल दाखिल किया गया। घटना 25 जुलाई की शाम की है, जब मृतिका के पति कृष्णा राउत 47 वर्ष ने लैलूंगा पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी पत्नी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ग्राम नवागांव पहुंची, जहां मनुभर यादव के घर के सामने सड़क पर रेखा राउत 45 वर्ष का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस मर्ग पंचनामा की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## झिंकाबहाल में ग्रामीणों का चक्काजाम सड़क पर वाहनों की लगी लंबी कतार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिंकाबहाल के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर सोमवार की सुबह चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने हुंकराडिपा से धौराभांठा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी, जिससे औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख सड़क पर यातायात ठप हो गया।

दरअसल सोमवार की सुबह गांव की सरपंच सीता सिदार सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ते भारी वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे अब तक कई ग्रामीणों की जान जा चुकी है। वहीं उड़ती धूल से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा बस सेवा और पानी की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी ग्रामीणों के जीवन को और कठिन बना रही है। चक्का जाम न केवल झिंकाबहाल गांव की समस्या है बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों की उपेक्षा और असुविधा की भी गंभीर तस्वीर सामने रखता है। ग्रामीणों ने बताया कि बेलगाम रफ्तार की वजह से भारी वाहन सड़क किनारे लगे विद्युत पोल को ठोकर मार रहे हैं, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और बिजली समस्या उत्पन्न हो रही है। लाइट चले जाने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है, जिस वजह से वो कंपनी प्रबंधन से पानी टैंकर की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो तीन दिन बाद वो फिर ने अनिश्चितकालीन चक्काजाम करेंगे।

#### यह है ग्रामीणों की प्रमुख मांग

- मुख्य सड़क में दो जगह बैरिकेट लगाना।
- मुख्य सड़क में जिंदल के दो गार्डों की तैनाती।
- मुख्य सड़क में धूल-डस्ट निवारण के लिए सफाईकर्मी व मशीन की व्यवस्था।
- ग्राम झिंकाबहाल के स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा।
- ग्राम झिंकाबहाल के ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।

## बाइक सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने रौंदा, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ से बाइक में सवार को कोमसनारा बाबाधाम दर्शन के लिए जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंद दिया। जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जप्त कर लिया है, वहीं घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक फरार हो गया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के कोसीर थानांतर्गत ग्राम नूनपानी निवासी जनक साहू पिता पुरुषोत्तम साहू (19), भारत यादव पिता शिवप्रसाद (22) रविवार की शाम बाइक से गांव के तोषन चौहान के साथ कोसमनारा जाने निकले थे। नूनपानी से तीनों युवकों को मिलाकर गांव से 11 युवकों की टोली 4 अलग-अलग बाइक से कोसमनारा जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जैसे ही वो अमलीभौना के पास पहुंचे थे कि सामने आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद ही भारत यादव ने घटन स्थल पर दम तोड़ दिया। इसके बाद इनके साथी जनक साहू और तोषन चौहान को अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान जनक साहू को भी मृत घोषित कर दिया, जबकि तोषन साहू का इलाज जारी है। फिलहाल जूटमिल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### डाक विभाग ने राखी लिफाफा और पीली पेटियों की शुरू की सुविधा

## बहनें अपने भाई को आसानी से भेज सकेंगी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भाई-बहन के स्नेह व प्रेम के प्रति रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर भारतीय डाक विभाग ने एक खास पहल करते हुए राखी भेजने की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित व त्वरित बना दिया है। बहनों की राखियां समय पर और सुरक्षित तरीके से उनके भाइयों तक पहुंचे इसके लिए डाक विभाग ने विशेष राखी लिफाफा और पीली पत्र पेटियों की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा रायगढ़ के सभी प्रधान और उप डाक घरों में उपलब्ध कराई गई है।

इस वर्ष भारतीय डाक विभाग ने विशेष राखी लिफाफा तैयार किया है। जिसकी कीमत मात्र 10 रुपए रखी गई है। यह लिफाफा स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक या साधारण डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है। लिफाफा मजबूत और आकर्षक डिजाइन में तैयार किया गया है। जिससे राखी की सुरक्षा बनी रहे और वह सही सलामत अपने गंतव्य तक पहुंचे। रायगढ़, सारंगढ़ और जशपुर जिलों में विशेष व्यवस्था के तहत पीले रंग की पत्र पेटियां स्थापित की गई हैं। रायगढ़ शहर में चक्रधर नगर उप डाक घर, सदर बाजार उप डाक घर, सत्तीगड़ी चौक और चक्रधर नगर चौक में इन पीली पेटियों को लगाया गया है। डाक विभाग ने जनता से आग्रह किया है कि वे राखी भेजने के लिए इन्हीं विशेष पेटियों का उपयोग करें ताकि पत्रों की प्राथमिकता के आधार पर छंटाई कर समय पर डिलीवरी किया जा सके।

#### इन बातों का रखें ध्यान

राखी भेजते समय प्राप्तकर्ता का पूरा पता, सही पीन कोड और साफ-सुथरे अक्षरों में लिखा जाना अनिवार्य किया गया है। इससे डाक के विरतण में किसी प्रकार की त्रुटी से बचा जा सकता है। प्रधान डाक घर रायगढ़ में विशेष भीड़ को देखते हुए दो अलग काउंटर बनाए गए हैं, जहां से बहनें अपनी राखियां स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक द्वारा आसानी से भेज सकती हैं। 6 अगस्त को राखी भेजने की अंतिम तिथी निर्धारित की गई है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### खर्रा नाला में बनेगा उच्चस्तरीय पुल



**जशपुरनगर।** जिले के विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक महत्वपूर्ण परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल इस योजना के तहत जिले के बगीचा तहसील क्षेत्र के घुघरी से ढोढरअम्बा मार्ग पर स्थित खर्रा नाला पर 6 करोड़ 26 लाख 4 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। यह पुल निर्माण न केवल क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए अत्यंत आवश्यक था, बल्कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग भी थी।

### तमता में लैब जांच संबंधी नहीं होगी परेशानी

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तमता पीएचसी में कार्यरत एमएलटी उजल राम नाग का निधन हो जाने के कारण नियमित पद रिक्त था, जिसे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत चिरायु कार्यक्रम के एमएलटी ओमप्रकाश ध्रुव को पीएचसी तमता में कार्य करने हेतु संलग्न किया गया था, किन्तु 16 जून से स्कूल प्रारम्भ होने पर उन्हे चिरायु टीम में कार्य करने के लिए कार्यमुक्त किया गया, जिस कारण पीएचसी तमता रिक्त है। अब कुमारी प्रियंका गुप्ता (एमएलटी) जीवन दीप समिति से कार्य संपादन करेगी। पीएचसी तमता में लैब जांच संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी।

### जिले में अब तक 6999.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 6999.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 28 जुलाई तक की स्थिति में 4835.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 68.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 755.9 मिमी, मनोरा में 891.4 मिमी, कुनकुरी में 998.1 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.1 मिमी, बगीचा में 720.9 मिमी, कांसाबेल में 684.6 मिमी, पत्थलगांव में 598.8 मिमी, सन्ना में 822.1 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनमन पत्रिका का किया गया वितरण

**जशपुरनगर।** राजा विजय भूषण देव कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन, सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।कन्या महाविद्यालय की छात्रा अल्पना भगत, मंगला बेक, विनीता यादव, लक्ष्मी तिर्की एवं ओजकुमारी नाग ने कहा कि पत्रिका का अध्ययन सभी छात्रों के लिए लाभप्रद है। पत्रिका में ग्रामीणों, किसानों, सहित युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाएं की जानकारी शामिल है। छात्रों ने कहा कि पत्रिकाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी भी मिलती है।

### जिला जनसंपर्क कार्यालय के राजकुमार हुए पदोन्नत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के राजकुमार पैंकरा को भृत्य के पद से पदोन्नत करते हुए सहायक ग्रेड-03 के पद पर कार्यालय जिला जनसंपर्क सरगुजा में पदस्थ किया गया है। पदोन्नति कर्मचारी राजकुमार को जिला जनसंपर्क कार्यालय के सहायक संचालक श्रीमती नूतन सिदार एवं कार्यालय के कर्मचारियों ने अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना की है। इसके साथ ही विगत दिवस 25 जुलाई को नवीन पदस्थापना कार्यालय हेतु भारमुक्त करते राजकुमार को गुलदस्ता एवं सम्मान स्वरूप उपहार भेटकर विदाई दी गई।

## कौशल्या साय ने किया शिवलिंग का जलाभिषेक

# सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सावन के पावन तीसरे सोमवार को जिले के बगिया में आस्था और भक्ति से ओतप्रोत विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा काशी विश्वनाथ मंदिर तीतरमारा संगम नदी तट से शुरू होकर लगभग 7 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बगिया तक पहुंची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

इस पुण्य यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय स्वयं कांवड़ यात्रा में शामिल हुईं और श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर 7 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। उनके साथ चल रहे श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। यात्रा में ओडिशा के प्रसिद्ध दुलदूली बाजा की धुनों पर शिव भक्त झूमते और नृत्य करते नजर आए। कांवड़ यात्रा का पूरा मार्ग बोलबम एवं हरहर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया।कांवड़ियों के पहुंचने पर बगिया स्थित फलेश्वर महादेव मंदिर में भव्य जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की गई।

■ हजारों शिव भक्तों ने लिया हिस्सा



फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक करतीं कौशल्या साय।



जलाभिषेक करने कांवड़ यात्रियों की लगी लंबी कतार।

# सतीघाट धाम शिव मंदिर में लगा भक्तों का तांता

**कोतबा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। तीसरे श्रावण सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुचे सुबह से ही भक्तगण फूल, दूध, बेलपत्र आदि लेकर मंदिर पहुंचने लगे थे। जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग व युवा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुये।

■ भक्तों ने डोंगाडरहा शिव मंदिर से तक 8 किलोमीटर जलाभिषेक करने निकाली पद यात्रा

सावन मास में यह मंदिर को विशेष साज सज्जा से सजाया गया है। सतिघाट शिवधाम में भगवान शिव का दूध, जल आदि से अभिषेक किया गया। इस दौरान ओम नमः शिवाय के जयकारे से शिवालय गूंजते रहे। भक्तों ने भोले बाबा के दर्शन का लाभ लिया। मंदिर के पूजारी पंडित धीरज शर्मा ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार की मनोकामना पूरी होती है। भगवान शिव का जल, दूध, नैवेद्य से अभिषेक करना चाहिए। भगवान शिव को विषैले पुष्प प्रिय हैं, इसलिए धतुरा, मदार व बेल पत्र आदि भगवान शिव को अर्पण कराना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव माता पार्वती के साथ पृथ्वी पर आकर मंदिरों में वास करते हैं, जिसके कारण सावन की शिव पूजा का विशेष महत्व होता है।



जलाभिषेक करने शिवमंदिर पहुंचे श्रद्धालु।



जलाभिषेक करने पदयात्रा करते भक्तजन।

### क्षेत्र के श्रद्धालु हो रहे शामिल

महिलाओं ने कोतबा स्थित सतिघाट धाम में विराजे भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हुये पूजा अर्चना कर वे अपने गांवो में स्थापित मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिये जल उठाकर 8 से 10 किलोमीटर पैदल गये दार्शनिक रूप में विकसित हो रहे सतिघाट धाम में दिनों दिन भक्तों के आवाजाही में भारी इजाफा हो रहा है यहां कल कल करके बहती भैवनी नदी और हनुमान जी के 31 फिट के बने मूर्ति सहित पौराणिक काल के अद्भुत पत्थरों पर बने पहचान से लोग और अधिक आकर्षित हो रहे है लोगो सहित यहां के बुजुर्गों का मानना है कि इसी राह से भगवान राम और सीता का गमन हुआ था उनके द्वारा रखे केला आम जो पत्थरों पर निशान दिख रहे है वह वास्तविकता है लोगो का मानना है कि पत्थरों पर बने निशान में हिरण का वध भी किया गया है जिसके रक्त के निशान आज भी उस काल को उन्हें याद दिलाते है,यह मान्यता आदिकाल से चलते आ रहे है जिसकी वे अनुकरण करते है यह जगह में विशेष रूप से सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने जीवंत रखा है यहां प्रतिदिन विशेष पूजा पाठ और रात्रि आरती का आयोजन किया जाता है।

### आज होगा सहस्त्रार्चन

सतिघाट मंदिर के पुजारी धीरज शर्मा शास्त्री ने बताया कि 29 जुलाई दिन मंगलवार को भोलेनाथ जी का सहस्रअर्चन दिन में समयः-12:30 से 2:30 बीजे किया जाना है जिजमे जो बी भक्त सम्मिलित होना चाहते है। जिस वस्तु से अर्चन करना हो 1008 कि संख्या में ले आए जैसे लौंग, इलायची, पुष्प, बेलपत्र, शमी पत्र, इलायची दाना, किसमिस, काजू, हरसिंगार पुष्प, शमीपत्र, इत्यादि,, कोई भी सामग्री से अर्चन कर सकते है।भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो कर पूण्य के भागी बन सकते है।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की चार मोटर साइकिलों को बरामद करते हुए दो नाबालिगों सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो बाइक चोर और चार चोरी की बाइक खरीदने वाले शामिल हैं।मामला चौकी पंडरापाठ क्षेत्र का है।

■ चार मोटर साइकिल बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

मिली जानकारी के अनुसार राकेश कविराज, निवासी महावीरपुर, थाना जयनगर (जिला सूरजपुर) ने चौकी पंडरापाठ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 1 अगस्त 2024 को कांवड़ यात्रा में शामिल होने ग्राम गायबुड़ा आया था। उसने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक (सीजी-15डीएन-8405) पार्किंग में खड़ी की थी, लेकिन अगले दिन सुबह बाइक वहां से गायब मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केरापाठ के दो संदेहियों हीरालाल रवि (21) और एक 17 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लिया। प्रारंभ में गुमराह करने की कोशिश के बाद दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली।



पकड़े गए बाइक चोरी के आरोपी।

### कड़ी पूछताछ में टूटा गिरोह

पूछताछ में पुलिस ने मनोवैज्ञानिक दबाव और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल करते हुए चोरी की पूरी श्रृंखला उजागर की। बरामद बाइक मालिकों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

### इनकी रही भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार पैंकरा, प्रधान आरक्षक राजेश कुजूर, आरक्षक राजेश्वर भगत, रमेश गृही और साइबर सेल जशपुर की विशेष भूमिका रही।

### कहां से और कितनी बाइकों की हुई थी चोरी

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने गायबुड़ा के अलावा, गिरजापुर (जिला बलरामपुर), उमको और थाना सन्ना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार से भी बाइक चोरी की थीं। चोरी की बाइकें उन्होंने विजय रवि 39 को 5,000 में, धनसाय रवि 45 को 7,000 में, मनोज कुमार रवि 20 को 14,000 में, एक 17 वर्षीय नाबालिग 8,000 में बाईक बेची थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की निशानदेही पर चार चोरी की मोटर साइकिल बरामद कीं। साथ ही, चोरी की बाइक खरीदने वाले चारों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हीरालाल रवि (21) निवासी केरापाठ, थाना बगीचा,2. विजय रवि (39) निवासी नवापारा, थाना राजपुर, बलरामपुर, धनसाय रवि (45) निवासी छिछली (र), थाना बगीचा, मनोज कुमार रवि (20) निवासी बिलासपुर, थाना बतौली, सरगुजा, को गिरफ्तार किया है। वहीं दो नाबालिग जिन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

# बाबा भगवान राम ट्रस्ट एवं सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन ने बांटी पाठ्य सामग्री



पाठ्य सामग्री पाकर बच्चे हुए खुश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भगवान राम ट्रस्ट समूह, जशपुर एवं श्री सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन जशपुर ने समूह आश्रम के प्रांगण में स्कूल बच्चों के बीच स्कूल बैग और ड्रेस-किताब आदि का वितरण किया।

कार्यक्रम समूह आश्रम के कक्ष पीठ प्रांगण में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 38 स्कूल बच्चों को उक्त सामग्री वितरित की गई। सर्वप्रथम श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष डॉ. शिव पूजन सिंह के द्वारा स्कूल बैग वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरुपद संभव राम बाबा जी द्वारा कुछ बच्चों को स्कूल बैग व अन्य सामग्री प्रदान की गई। तत्पश्चात ट्रस्ट के सदस्यगण एवं महिला संगठन के सदस्यगणों द्वारा सामग्री वितरण का कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी गई।

## जिले में करैत, अहिराज, कोबरा, नाग सहित सांप की 29 प्रजातियां

# छत्तीसगढ़ का 'नागलोक' जशपुर जहां पाई जाती हैं सांपों की दुर्लभ प्रजातियां

एन.नवीन ओझा ⏭ जशपुरनगर

नाग पंचमी विशेष

आज नाग पंचमीं है,इस दिन छत्तीसगढ़ के साथ साथ पूरे देश में नागों की पूजा की जाती है। प्रदेश के अलग अलग इलाकों में नाग पंचमीं का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में हरिभूमि आपको आज एक ऐसे अंचल के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे नागलोक कहा जाता है।

### आइए जानते हैं ऐसा क्यों

दरअसल, जशपुर जिले में सांप की 29 प्रजातियां पाई जाती हैं। यह इलाका सांपों के लिए अनुकूल है। यहां वाईट लिपट पीट वाइपर जैसे जहरीले सांप पाए जाते हैं। इस विशेष प्रजाति के सांप में एक ही पोजिशन में घंटों स्थिर रहने की अद्भुत क्षमता होती है। इसका जहर मनुष्य के किडनी और लीवर को नुकसान पहुंचाता है, जिससे उसकी मृत्यु हो जाती है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में बेहद अल्प संख्या में पाया जाने वाला विषविहीन सांप कापर हेड ट्रिंकेट भी जशपुर में पाया जाता है। यह सांप नाग की तरह फन निकालता है, जिससे इसके बेहद जहरीला होने का भ्रम होता है। लेकिन, वास्तव में यह सांप विषविहीन होता है।





**कैसर हुसैन और टीम ने की सांपों की पहचानः** कैसर हुसैन ने बताया कि, उन्हें बचपन से ही सांप आकर्षित करते रहे हैं। 6 वीं कक्षा में पढ़ने के दौरान उन्होनें घर में घुसे हुए एक सांप को मरते हुए देखा था। इस घटना ने उन्हें सर्प रेस्क्यू के लिए प्रेरित किया। तब से वे अपने आसपास के घरों में घुस आने वाले सांपों को पकड़ कर, जंगल में छोड़ने का काम कर रहे हैं। कैसर हुसैन ने 2009 से सांप रेस्क्यू का काम शुरू किया। आगे चल कर उनके इस अभियान से राहुल तिवारी सहित अन्य साथी जुड़े। युवाओं की इस टीम ने 5 हजार से अधिक सांपों का रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू के दौरान ही कैसर हुसैन और उनके साथियों ने मिलकर जिले में पाए जाने वाली सांपों की प्रजातियों की पहचान की है।

### फाइलों में कैद हो गई पर्यटन स्थल के रूप में स्नैक पार्कबनाने की योजना

जशपुर (नागलोक) को पर्यटन का रूप देने के लिए सरकारी योजनाएं तो कई बनी लेकिन सालों से ये प्रस्ताव सरकारी फाइलों में ही कैद हो कर रह गई है। वर्ष 2013-14 में जिला प्रशासन ने स्नेक पार्क का प्रस्ताव तैयार किया गया। योजना थी कि जिले में पाए जाने वाली प्रजातियों को यहां संरक्षित किया जाए, लेकिन सेंट्रल जू अथॉरिटी से इसकी अनुमति न मिलने से यह पूरी योजना अधर में लटक गई। इसे संशोधित करते हुए 2017 और 19 में प्रशासन ने स्नेक विनम कलेक्शन सेंटर बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा लेकिन यह प्रस्ताव भी अब तक सेंट्रल जू अथॉरिटी की स्वीकृति की बाट जोह रहा है।

### सांपों के लिए अनुकूल जलवायु वाला क्षेत्र

डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि, जिले में वन्य जीवों की अंतिम गणना वर्ष 2022 में की गई थी। इस गणना में शाकाहारी और मांसाहारी जीवों को शामिल किया गया था, लेकिन इनमें सांप शामिल नहीं था। सांपों को जशपुर जिले का मौसम बहुत भा रहा है। यही कारण है कि जिले में सर्प प्रभावित क्षेत्र का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। जशपुर प्रदेश का एकमात्र ऐसा जिला है जहां शीतल, गर्म और आर्द्र तीनों प्रकार का जलवायु पाया जाता है। यहां चट्टान युक्त पहाड़ और खोखले पेड़ की संख्या भी अधिक है। भूरभूरी मिट्टी में चूहा और दीमक भी अधिक संख्या में पाए जाते हैं और ये सांप का पसंदीदा भोजन होते हैं। भोजन और रहवास की अनुकुलता, जशपुर को सांप का पसंदीदा स्थान बना रहे हैं।

### प्राकृतिक फूड चेन के टूटने से बढ़ी सांपों की संख्या

जशपुर में सांपों की संख्या बढ़ने का एक कारण, प्राकृतिक फूड चेन का टूटना भी है। इस सिस्टम से प्रकृति सभी जीव-जंतुओं की संख्या को संतुलित रखती है। लेकिन बीते कुछ सालों में सांपों का भक्षण करने वाले बाज, चील, गिद्ध के साथ नेवलों की संख्या भी कम हुई है। जिससे स्वाभाविक रूप से सांपों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### सर्पदंश को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, जिले में साल 2023 में सर्पदंश से 36 और इस साल अब तक 14 मौतें हो चुकी हैं। जिले में कामन करैत प्रजाति की सांप की बहुलता है। ये सांप रात के समय चूहें और दीमक खाने के लिए बिल से बाहर निकलते हैं और घरों में घुस जाते हैं। इस दौरान जमीन में सो रहे लोग, आसानी से सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। एसपी सिंह ने बताया कि, पुलिस प्रशासन, वन विभाग और जिला प्रशासन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जमीन में सोने और सर्पदंश का शिकार होने पर जड़ी-बूटी और झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# सोसायटी में सप्ताह भर से नहीं मिल रहा खाद



खाद के लिए कोतबा सोसायटी पहुंचे किसान।

**कोतबा।** धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के जिले में सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाले अन्नदाता किसानों को खाद के लिए बीते एक हप्ते से सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

आदिम जाति सेवा ससहकारी समिति मर्यादित कोतबा में बीते एक हप्ते से किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कभी मशीन नही है कभी सर्वर नही चल रहा कभी फिंगर नही हो रहा कभी परमिट जारी नही हो रहा कह कर किसानों को रोजाना बैरंग लौटाया जा रहा है। मानसून का सीजन प्रारंभ होते ही किसान खरीफ फसल की खेती में जुट गए हैं। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा जिससे वे असमंजस और परेशानी में हैं। किसानों के लिए समय पर खाद न मिलने से कृषि संकट उत्पन्न हो रहा है।

### जल्द खाद वितरण कराया जाएगा

इपोस मशीन हप्ते भर से नहीं थी, कल शाम को नई मशीन ला कर टेस्ट कर चालू किया गया था। आज सर्वर की दिक्कत जा रही है। किसानों का परमिट नहीं कट पा रहा है। किसानों की परेशानी समझ रहे हैं। जल्द समाधान कर किसानों को खाद वितरण कराया जाएगा।

**-गोविंद यादव**, प्रबंधक
आ.जा.से.स.समिति कोतबा



# किंगडम का ट्रेलर रिलीज पुलिस की वर्दी में दिखे विजय

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में विजय एक अंडरकवर जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में वह अपने भाई के लिए लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी में 'किंगडम' नहीं बल्कि 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है 'तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा।' इसके बाद ट्रेलर में विजय को दिखाया जाता है। फिर आवाज आती है तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं।

## लाइफ Style



# दीपिका

## सिनेमा से इतर काम के लिए मिली तारीफ

बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण लगातार कई उपलब्धियों को छू रही हैं। हाल ही में उन्हें 'द शिफ्ट' की सबसे मशहूर 90+ वुमन शेपिंग कल्चर सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में सेलेना गोमेज, एंजेलिना जोली और जोया अख्तर जैसी हस्तियों को शामिल किया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस सूची में दुनिया भर की वैश्विक प्रभाव वाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस लिस्ट में शामिल होकर दीपिका पादुकोण काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार इंस्टाग्राम पर किया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा 'द शिफ्ट हमारे भविष्य को आकार देने वाली 90 आवाजों का सम्मान कर रहा है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं।' दीपिका ने अपनी तस्वीर शेयर करते अपनी कामयाबी के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, सफलता केवल पेशेवर उपलब्धियां नहीं हैं। बल्कि, मैं अच्छी रहूं यह भी मेरी कामयाबी है। मेरे लिए मानसिक स्वास्थ्य, खुद की देखभाल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की तरह जरूरी है। मैं उन लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करती हूं जो सब्र और प्रामाणिकता को अहमियत देते हैं।' इस लिस्ट में दीपिका का नाम सिनेमा से परे उनके प्रभाव को दर्शाता है। दीपिका 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम करती हैं। इस पहल के जरिए दीपिका ने देश ही नहीं दुनिया में भी दिमागी सेहत के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद की है। दीपिका अब अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। वह वह जल्द ही फिल्म 'एए2222xए6' में नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# कोचर वीक 2025 के लिए आईं भारत

**दिल्ली।** ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं। दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं। एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी।



# निकोलज ने साउथ इंडिया की डिश का लिया आनंद

**मुंबई।** हॉलीवुड सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' के कलाकार निकोलज कोस्टर वाल्डो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में उन्हें बेंगलुरू के एक कैफे में देखा गया। यहां उन्होंने साउथ इंडिया की मशहूर डिश का लुत्फ लिया। हॉलीवुड अभिनेता सिंपल ड्रेस जींस और टीशर्ट में नजर आए। निकोलज कोस्टर वाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग उनके आस-पास हैं लेकिन उन्हें कोई नहीं पहचान रहा है। इसके बाद एक फैन ने उनका वीडियो बनाया और उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस बात की उन्हें जानकारी नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलज टेबल पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कैफे में अभिनेता ने इडली, डोसा और वड़ा खाया। ये तीनों साउथ इंडिया की मशहूर डिशेज हैं। एक तस्वीर में अभिनेता ने अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर कई पोज दिए।



# अनीत वेब सीरीज न्याय में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म 'सैयारा' के साथ वो 'नेशनल क्रश' बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम 'न्याय' है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज 'सैयारा' से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो वीआरएफ से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी।



# थामा में दिखेगी वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

**मुंबई।** फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह स्त्री 2 और भेड़िया जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। स्त्री 2 में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म थामा में नजर आएंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी।

## टीवी मसाला



# इन बच्चों ने सिर्फ डांस नहीं जिंदगी से लड़ना भी सीखा

**मुंबई।** सुपर डांसर 5 एक ऐसा मंच है जहां देश के टैलेंटेड बच्चे अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स भी इस डांस शो में शामिल हुए हैं जो सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अब वे सुपर डांसर 5 के मंच पर अपना टैलेंट दिखाकर खिताब जीतना चाहते हैं। सिर्फ 13 साल की उम्र में आध्याश्री सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की तारीफ हासिल कर चुकी हैं आध्याश्री ने बताया, 'डांस मेरे अंदर अपने आप आ गया था। एक दिन गणपति फेस्टिवल के कॉम्पिटिशन में स्टेज पर चढ़ गई और बिना बताए डांस करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मम्मा को भी नहीं पता था।' मुंबई तक का सफर आध्याश्री के लिए आसान नहीं था। वह कहती हैं, 'मम्मी गांव में रहती हैं, शहर की चीजें उन्हें नहीं पता थीं। सब मैंने सिखाया, कहां जाना है? क्या करना है? मम्मी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, वो मम्मी भी हैं और पापा भी।' सोशल मीडिया पर आध्याश्री की रील्स लाखों बार देखी जाती हैं, इस डांस के पीछे की मेहनत पूरी तरह उनकी है। 10 साल के सोमांश, शांत स्वभाव के लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हैं। उनके लिए ये 'सुपर डांसर 5' सिर्फ एक शो नहीं, अपनी मां का सपना पूरा करने का जरिया है। 'जब मैं छोटा था, मम्मी के साथ टीवी पर सुपर डांसर देखा करता था। मम्मी कहती थीं, 'काश मेरा बेटा भी एक दिन ऐसे डांस करे। आज जब मैं इस मंच पर खड़ा हूं, तो लगता है कि उनका सपना पूरा कर रहा हूं।' सोमांश ने बताया कि मम्मी ने उसके लिए सब कुछ झेला, हर मुश्किल खुद पर ली, जिससे बेटे का सपना जिंदा रहे। वह कहते हैं, मैं प्राउड से कह सकता हूं कि मेरी लाइफ में कोई तकलीफ नहीं आई, क्योंकि मम्मी ने सबकुछ पहले ही संभाल लिया था।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मचाएगा तूफान

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। रात 10.30 बजे इसका पहला एपिसोड आएगा।. जहां एक बार फिर दर्शक अपनी चेहती तुलसी उर्फ स्मृति ईरानी को देख सकेंगे। हाल में ही खबरें आई थीं कि जेनिफर विंगेट का भी कैमियो देखने को मिलेगा। स्मृति ईरानी ने खुद कभी सास भी कभी बहू का प्रोमो शेयर किया हुआ है। जहां वह लाल साड़ी में बिल्कुल पुराने अंदाज में दिख रही हैं। वह घर की बहू के रूप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इस प्रोमो को देखते ही सबसे पहला कमेंट तो एक फैन का यही है कि आ गई तुलसी अनुपमा का पत्ता काटने. एक ने लिखा, एक बार फिर से इसे देखने में मजा आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे 2000 के वक्त में वापस पहुंच गए हैं। हर चीज में एक पुरानी यादों की खुशबू और सुकून भरी फीलिंग है। जैसे बचपन की गलियों में फिर से लौट आए हों।'



# सोशल मीडिया को बनाना होगा जिम्मेदार : वाणी

**मुंबई।** वेब सीरीज मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक बातचीत में उन्होंने अपने किरदार की गहराइयों, मानसिक चुनौतियों, सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उससे उबरने के सफर को साझा किया। साथ ही उन्होंने साइबर ट्रोलिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी खुली अपील की। आजकल सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मुझे लगता है कि वहां कुछ नियम होने चाहिए। क्योंकि जो ट्रोलिंग और हेटफुल बातें कही जाती हैं, वो सिर्फ एक्टर्स को नहीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों और आम लोगों को भी बहुत परेशान करती हैं। हमें इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और साथ ही ये भी देखना चाहिए कि कुछ सख्त कानून बनें, ताकि ऐसे लोगों को रोका जा सके जो जानबूझकर दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। आगे चलकर हमें सोशल मीडिया को एक जिम्मेदार और सुरक्षित जगह बनाना होगा। हां, कई बार ऐसा होता है। जब आप किसी गहरे रिश्ते में होते हैं, चाहे वो दोस्ती हो या कुछ भी। अगर वो रिश्ता किसी कारणवश टूट जाए, तो सवाल तो मन में उठते हैं। क्या मेरी गलती थी, क्या सामने वाला बदल गया, या हालात ऐसे हो गए थे? हर बार क्लोजर नहीं मिलता। कभी आप वजह जान लेते हैं और कभी बस स्वीकार करना होता है कि अब ये रिश्ता यहीं तक था।



# सैयारा से पहले इन फिल्मों ने तोड़ दिए थे दिल


*मुंबई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इस फिल्म में प्यार, यादगार किरदारों, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बखूबी पेश किया गया है जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। अगर, आपको मोहित सूरी की सैयारा पसंद आई है तो यकीनन ये फिल्में भी पसंद आएंगी।*

***आशिकी 2:*** *आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है। इसमें राहुल नाम का एक सितारा है जो अपनी चमक खो रहा है। लेकिन वह आरोही नाम की उभरती हुई स्टार को उसके सपनों को पूरा करने में मदद करता है, जबकि खुद अपने अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है।*

***हमारी अधूरी कहानी:*** *यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो वसुंधा के बारे में है, एक महिला जो एक दर्दनाक शादी में फंसी हुई है। वह आरव के साथ सच्चा प्यार पाती है, लेकिन किस्मत और कर्तव्य उन्हें अलग कर देते हैं। इसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

***रॉकस्टार:*** *रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'रॉकस्टार' जनार्दन झाखड़ की कहानी है। जनार्दन एक भोला कॉलेज का लड़का है जो प्यार में पड़ने और अपनी सच्ची समझने वाली हीर को खोने के बाद एक परेशान रॉकस्टार में बदल जाता है।*





***सनम तेरी कसम:*** *यह फिल्म एक शर्मीली और पारंपरिक लड़की सरस्वती और एक गलत समझे गए विद्रोही की दिल तोड़ने वाली प्रेम कहानी को दर्शाती है। उनकी गहरी जुड़ाव बहुत देर से खिलता है, जो एक विनाशकारी त्रासदी में समाप्त होता है।*

***गजनी:*** *आमिर खान की फिल्म एक सफल बिजनेसमैन की कहानी है जो शॉर्ट-टर्म मेमोरी लॉस से पीड़ित है और अपनी प्रिय कल्पना (असिन) की हत्या का बदला लेने के लिए सुरागों को फोटो और टैटू के माध्यम से जोड़ता है। ये लव स्टोरी देख आप अपने आंसुओं को बहने से नहीं रोक पाएंगे.*

***फना:*** *आमिर खान और काजोल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म एक गहन प्रेम कहानी को दर्शाती है। इसमें जूनी, जो एक दृष्टिहीन टूर गाइड है, और रेहान, जो एक आकर्षक व्यक्ति है लेकिन उसका अतीत छुपा हुआ है, के बीच की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। उनकी रोमांस की कहानी तब दुखद मोड़ लेती है जब रहस्य सामने आते हैं।*

***रांझणा:*** *यह फिल्म एक जुनूनी और समर्पित युवा की कहानी बताती है जो जोया से गहरा प्यार करता है। उनकी प्रेम कहानी को किस्मत, राजनीति और दिल टूटने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

***तेरे नाम:*** *सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत, तेरे नाम एक परेशान और जुनूनी युवक की कहानी है जिसकी निरजरा के प्रति गहरी प्रेम भावना दुखद मोड़ लेती है, जिससे दिल टूटने और निराशा का सामना करना पड़ता है।*

## अच्छी अदाकारी करने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया

# चश्मे बद्दूर से किया डेब्यू, अधूरी रही रवि के निर्देशक बनने की ख्वाहिश

*नई दिल्ली। अभिनेता रवि बासवानी को फिल्म चश्मे बद्दूर और जाने भी दो यारो में बेहतरीन काम करने के लिए आज भी याद किया जाता है। फिल्म में अच्छी अदाकारी करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वह बेहतरीन कॉमेडी के अलावा कैरेक्टर रोल के लिए भी जाने जाते हैं।*



### शुरुआती जीवन और पढ़ाई

रवि बासवानी का जन्म 29 सितंबर 1946 को एक जाट परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल की। यहां वह केएमसी नाट्य समाज के सदस्य थे।

### हास्य के अलावा सीरियस रोल भी किए

30 साल के करियर में रवि बासवानी ने लगभग 30 फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म चश्मे बद्दूर से की। उन्होंने फिल्मों में एक हास्य अभिनेता के अलावा सीरियस रोल भी किए हैं। बासवानी ने बंटी और बबली और प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं कीं।

### इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**जाने भी दो यारों** : फिल्म 'जाने भी दो यारों' साल 1983 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने सुधीर नाम का किरदार निभाया। यह किरदार एक पत्रकार का था। इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। फिल्म में उनका यह किरदार इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें 1984 में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

**चश्मे बद्दूर** : साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'चश्में बद्दूर' में रवि बासवानी ने लखन पाल का किरदार निभाया।



यह किरदार एक छात्र का था। यह उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अभिनय के लिए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में फारूक शेख और दीप्ति नवल अहम किरदार में थे।

**कभी हां कभी ना** : साल 1994 में उनकी फिल्म 'कभी हां कभी ना' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने अल्बर्ट गोंजाल्विस का किरदार निभाया। इसके लिए भी उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति अहम किरदार में थे।

***छोटा चेतन*** *: इसके बाद साल 1998 में फिल्म 'छोटा चेतन' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने राजा का किरदार निभाया। यह मलयालम भाषा की फिल्म थी। इसमें उनके किरदार को पसंद किया गया।*

***चल मेरे भाई*** *: साल 2000 में आई फिल्म 'चल मेरे भाई' में रवि बासवानी ने एक वेटर का किरदार निभाया। उनके इस रोल की भी काफी सराहना हुई।*

***टीवी में भी किया काम*** *: एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में, रवि बासवानी ने कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। उन्होंने 1980 के दशक में दूरदर्शन पर लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक इधर उधर में काम किया। इस धारावाहिक में उन्होंने पाठक बहनों, सुप्रिया पाठक और रत्ना पाठक के साथ अभिनय किया था। इसके बाद वह एक से बढ़कर एक और जस्ट मोहब्बत (1997)' में नजर आए।*

### नसीरुद्दीन शाह के साथ संभाला पद

साल 2004 में जब भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे ने 26 वर्षों के बाद अपने अभिनय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए तो रवि बासवानी नसीरुद्दीन शाह के साथ इसके समन्वयक और शिक्षक बने। संस्थान के पाठ्यक्रम को नया रूप देने में इन्होंने भी अहम रोल निभाया। हालांकि, बसवानी ने अगले वर्ष संस्थान से इस्तीफा दे दिया।

### पहली फिल्म का निर्देशन से पहले निधन

रवि बासवानी ने कभी शादी नहीं की। वह जिंदगी भर अकेले ही रहे। 27 जुलाई 2010 को नैनीताल में दिल का दौरा पड़ने से बासवानी का निधन हो गया। वह अपनी पहली फिल्म निर्देशित करना चाहते थे। इसके लिए फिल्म की लोकेशन ढूंढ रहे थे। ऐसे में नैनीताल से दिल्ली जाते समय हल्द्वानी में उनका निधन हो गया। यह काफी दुखद रहा कि वह अपनी फिल्म का निर्देशन करने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## खबर संक्षेप



### लेडिज क्लब ने रचाया सांस्कृतिक रंग

**रायगढ़।** डीबी पावर अभिव्यक्ति लेडिज क्लब की महिलाओं ने इस वर्ष भी हरियाली तीज पर्व को पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग में सराबोर करते हुए होटल श्रेष्ठा रायगढ़ में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर तीज क्वीन प्रतियोगिता सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की खास आकर्षण रही तीज क्वीन प्रतियोगिता, जिसमें क्लब की सदस्याओं द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाते हुए इस वर्ष श्रीमती पिंकी साहू को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। डीबी पावर लेडिज क्लब का गठन प्लांट में कार्यरत अधिकारियों की धर्मपत्नियों द्वारा किया गया है।
क्लब का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक आयोजन तक सीमित नहीं, बल्कि प्लांट के आसपास के ग्रामों में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समाजसेवा के विविध कार्यों में सक्रिय सहभागिता देना है।
कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब की अध्यक्ष श्रीमती कस्तुरी सरकार के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें डीबी पावर प्रबंधन और क्लब की समस्त सदस्याओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन की भव्यता और उद्देश्यपरकता ने इसे एक यादगार उत्सव में बदल दिया।

### सारंगढ़ में मेडिकल बोर्ड की बैठक स्थगित

**सारंगढ़।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रत्येक बुधवार को दिव्यांग जनों के लिए आयोजित मेडिकल बोर्ड का 30 जुलाई बुधवार का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगे क्रम में आगामी बुधवार 6 अगस्त को यह कैम्प जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जांच शिविर

**सारंगढ़।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर और सेक्टर गोडम के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा केपी हायर सेकेंडरी स्कूल बंधापाली में सिकलसेल, हिमोग्लोबिन और आंख का जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जिन छात्रों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उसे भी बनाया गया। शिविर में डॉक्टर एफ आर निराला सीएमएचओ सारंगढ़, ओमप्रकाश कुर्रे एसएमओ गोडम,अरुण नायक एसएमओ कनकवीरा, रोशन सचदेव डीपीसी सारंगढ़ एवं सेक्टर गोडम के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर एफ आर निराला ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर हेपेटाइटिस के बारे में छात्रों को जानकारी दिए। हेपेटाइटिस के अलावा आंख संबंधी जानकारी, टीबी, सिकलसेल व अन्य कई बीमारियों के बारे में जानकारी दिया गया। शिविर के दौरान जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ की ओर से प्रखर चंद्राकर आईएएस ओआईसी हेल्थ एसडीएम सारंगढ़ का भी आगमन हुआ एवं उन्होंने जांच शिविर का अवलोकन किया। शिविर में 62 बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।136 छात्रों का हीमोग्लोबिन एवं सिकलसेल जांच, नेत्र जांच किया गया। कई छात्रों को आयरन एवं फोलिक एसिड का टैबलेट दिया गया व शरीर को स्वस्थ एवं निरोग कैसे रखें। इसके बारे में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दिया गया।




### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया उद्घाटन, बताया जनसेवा की दिशा में बड़ा कदम

# पुसौर में शुरू हुआ उप पंजीयक कार्यालय अब रजिस्ट्री के लिए नहीं जाना पड़ेगा रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन की जन हितैषी सेवाओं को स्थानीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को पुसौर जनपद पंचायत परिसर में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि अब पुसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए रायगढ़ जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा अब तहसील मुख्यालय पुसौर में ही उपलब्ध होगी। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह कार्यालय सिर्फ एक सरकारी भवन नहीं हैए बल्कि यह जनसुविधाए पारदर्शिता और त्वरित सेवा की दिशा में शासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सोच यही है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी सेवाएं गांव.गांव में उपलब्ध होंए जिससे उन्हें बार.बार जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों की दौड़ न लगानी पड़े। इसके साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना को राज्य सरकार की एक क्रांतिकारी पहल बताया और कहा कि अब तक किसी भी महीने 70 लाख महिलाओं के खाते में राशि आने में देरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पुसौर में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज की स्थापना भी शीघ्र की जाएगी।




#### राज्य सरकार की योजनाओं का ज़िक्र

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वित्त मंत्री चौधरी ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बनने के बाद सबसे पहले किसानों के खातों में दो साल का बकाया बोनस डाला गया। साथ ही 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत डेढ़ साल के भीतर 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई है। अकेले पुसौर ब्लॉक को 127 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई है। जिन लोगों को अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, उनके लिए आवास प्लस योजना के तहत सर्वे किया गया है।

#### रजिस्ट्रेशन व्यवस्था में 10 नई क्रांतियां

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार ने रजिस्ट्री कार्य को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए 10 क्रांतिकारी सुधार किए हैं। इसमें आधार आधारित सत्यापन से फर्जीवाड़े पर रोकए ऑनलाइन रजिस्ट्री खोज और डाउनलोड सुविधा, कैशलेस भुगतान प्रणाली, व्हाट्सएप और डिजीलॉकर के माध्यम से दस्तावेज सेवाएं, घर बैठे स्टाम्प दस्तावेज निर्माणए रजिस्ट्री के बाद स्वतरू नामांतरण की सुविधाए रजिस्ट्री दस्तावेजों का ऑटोमैटिक निर्माण, एनजीडीआरएस पोर्टल से जानकारी प्राप्त करना, घर से ऑनलाइन आवेदन और सीधे नागरिकों से संवाद करने की डिजिटल व्यवस्था है।

#### प्रशासनिक सहयोग और आगे की योजनाएं

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि पुसौर ब्लॉक रायगढ़ जिले का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां रजिस्ट्री सुविधा की लंबे समय से जरूरत थी। वित्त मंत्री के मार्गदर्शन में अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि अब संपत्ति की खरीद.फरोख्त, वसीयत, उत्तराधिकार और अन्य कानूनी दस्तावेजों की प्रक्रिया और भी अधिक सरल और पारदर्शी हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही स्थाई कार्यालय भवन की स्वीकृति मिलेगी और उसके निर्माण के बाद सेवा और भी सुदृढ़ होगी।

#### 65 प्रकार की रजिस्ट्री एक ही छत के नीचे

पुसौर में शुरू हुए इस उप पंजीयक कार्यालय में विक्रय विलेख, दानपत्र, तबादल, हक त्याग,बंटवारा, वसीयत, मुख्तियारनामा, नकल, खोज, भारमुक्त प्रमाण पत्र, केसीसी बंधक आदि सहित कुल 65 प्रकार की सेवाएं आम जनता को प्रदान की जाएंगी। कार्यालय में एक उप पंजीयकए दो ऑपरेटर और एक एमटीएस पदस्थ किए गए हैं। शुरुआती चरण में यह कार्यालय जनपद पंचायत परिसर के पुराने हॉल में संचालित किया जा रहा है, जिसे रेनोवेट कर सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। आने वाले समय में 80 लाख रुपये की लागत से स्थायी और आधुनिक भवन का निर्माण भी प्रस्तावित है।

#### 88 पंचायतों को होगा सीधा लाभ

नवीन उप पंजीयक कार्यालय की शुरुआत से पुसौर ब्लॉक की 88 पंचायतों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्हें अब न तो लंबी यात्रा करनी पड़ेगीए न ही समय और पैसे की बर्बादी होगी। शासन की इस पहल से डिजिटल और स्मार्ट छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक और ठोस कदम बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री ने अंत में कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित किया जाए और पुसौर जैसे अंचलों को इस विकास का केंद्र बनाया जाए।

## हत्या के आरोप में तीन को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

■ घरघोड़ा न्यायालय का फैसला, मृतक के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा की अदालत ने हत्या के गंभीर प्रकरण में सोमवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने प्रत्येक को 1,000-1,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

प्रकरण थाना कापू क्षेत्र का है। घटना 12 नवंबर 2020 की है, जब पुरानी रंजिश के चलते करम साय, उसकी पत्नी जानकी बाई एवं पुत्री बेबी सबीना ने मिलकर कलिंदर राठिया और उसकी पत्नी राम कुंवर पर पत्थर, लाठी और टांगी से हमला कर दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर आहतों की पुत्री शकुंता बाई अपने मायके पखना कोट से पहुंची, जहां उसकी मां राम कुंवर घर के आंगन में गंभीर रूप से घायल पड़ी मिलीं और पिता कलिंदर राठिया अभियुक्त करम साय के आंगन में बेहोश पड़े मिले। इलाज के लिए दोनों को पत्थलगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान कलिंदर राठिया की मौत हो गई। बाद में बेटी शकुंता बाई ने थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम किया गया और मामला कापू थाना क्षेत्र का होने से विवेचना वहीं स्थानांतरित की गई। विवेचना अधिकारी धनीराम राठौर ने गहन जांच कर आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पैरवी की। सभी साक्ष्य एवं गवाहों की पुष्टि के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। अदालत ने मृतक के परिजनों के लिए 1 लाख रुपये मुआवजा देने की अनुशंसा विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से की है।

### चोरी प्रकरण में भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान

**रायगढ़।** श्री श्याम मंदिर में विगत दिनों हुई चोरी का सफलतापूर्वक खुलासा करने पर पुलिस विभाग के 70 अधिकारियों.कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु श्री श्याम मंडल रायगढ़ द्वारा एक भव्य पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शनिवार 27 जुलाई की शाम श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित हुआए जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सीएसपी अनिल विश्वकर्मा सहित पुलिस टीम की गरिमामय उपस्थिति रही। 13-14 जुलाई की दरम्यानी रात को श्री श्याम मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने न केवल आरोपी को पकड़ाए बल्कि श्री श्याम बाबा की श्रृंगार सामग्री व नगदी भी सुरक्षित बरामद की। इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्री श्याम मंडल ने इस समारोह का आयोजन कर पुलिस टीम के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में श्री श्याम मंडल अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा एवं मंडल सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का श्याम दुपट्टा व पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

## वेतन का 1 प्रतिशत छात्रों के नाम, शिक्षक पंडा के अभियान का दिख रहा असर




हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शिक्षक विजय पंडा द्वारा शुरू किया गया वेतन का एक प्रतिशत छात्र हित में अभियान अब जनजागरूकता का रूप लेता जा रहा है। जून माह से प्रारंभ इस अभियान में शिक्षक अपने वेतन का एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए समर्पित कर रहे हैं। शिक्षक विजय पंडा ने अपने जन्मदिन पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि छोटे संसाधनों से भी बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने अपने आसपास के स्कूलों में इस कार्य को फैलाना शुरू किया है और अब अन्य शिक्षक भी इससे जुड़ने लगे हैं। जुलाई माह में कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों जोगेंद्र सिदार और अल्फान्स मिंज ने अभियान से जुड़कर अपनी भागीदारी निभाई और कार्ययोजना को सफल बनाया। इस पहल को समाज और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय बताया जा रहा है। विजय पंडा का यह कदम न सिर्फ एक सामाजिक परिवर्तन की ओर इशारा करता है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को भी मजबूती प्रदान करता है। सीमित संसाधनों में शिक्षा के लिए किया गया यह समर्पण आने वाले समय में और भी शिक्षकों को प्रेरित करेगा।



### कटारीपारा में विधिक साक्षरता शिविर

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ की अध्यक्ष प्रिया रजक के निर्देशानुसार छाल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटारीपारा में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यस्थता व आपसी सुलह समझौते के जरिए विवादों के समाधान पर जोर देते हुए ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी गई। समिति के वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। शिविर के दौरान कई प्रकरणों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। वक्ताओं ने बताया कि ऐसे शिविरों से लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ मिल रहा है और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों से ग्रामीणों को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## घटोरिया धाम से कोसमनारा बाबाधाम तक कांवड़ यात्रा

■ हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना

**तमनार।** सावन के तीसरे सोमवार को केलो नदी के तट पर बसे घटोरिया धाम कसडोल से लेकर कोसमनारा स्थित सत्यनारायण बाबाधाम तक का 27 किलोमीटर लंबा पदयात्रा मार्ग हजारों कांवड़ियों की आस्था और भक्ति से गूंज उठा। शिवभक्तों ने बोल बम हर हर महादेव ओम नमः शिवाय जैसे जयकारों के साथ नाचते-गाते हुए कांवर में गंगाजल, बेलपत्र, दूध व पुष्प लेकर बाबा को जल अर्पित किया।

इस विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ रविवार रात 12 बजे घटोरिया धाम से हुआ, जहां पहले श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी का प्रसाद खिलाया गया और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना। श्रद्धालु भैसगढ़ी, बड़गांव, बरलिया, उर्दना होते हुए कोसमनारा पहुंचे, जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक कर उन्होंने अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। बता दें कि बाबा सत्यनारायण विगत 27 वर्षों से अखंड तपस्या में लीन हैं। प्रचंड गर्मी, भीषण वर्षा और कड़कड़ाती सर्दी भी उनके साधना को डिगा नहीं पाई। उनके इस तप और योगसाधना के प्रति लोगों की श्रद्धा इतनी गहरी है कि हर साल हजारों शिवभक्त उनके दर्शन और शिवलिंग पर जल अर्पित करने उमड़ पड़ते हैं।



#### जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

इस पावन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, बंशीधर चौधरी, जतिन्द्र साव, रूपेश साहू ने उपस्थित रहकर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर चाय, बिस्किट, केला, पानी की सेवा के शिविर लगाए गए थे, जिससे कोई भी भक्त भूखा या प्यासा न रहे। पूरे आयोजन में घटोरिया पूजन एवं जलाभिषेक पदयात्रा समिति कसडोल एवं बाबा धाम समिति कोसमनारा ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली। प्रसाद, पेयजल, भजन-कीर्तन व सुरक्षा जैसी हर व्यवस्था इतनी सशक्त थी कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

## सावन के तीसरे सोमवार को संगम चौक में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बिलाईगढ़ के संगम चौक में बोल बम समिति और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में स्थानीय युवाओं की टोली ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को विशेष रूप देते हुए श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, हलवा सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद तैयार किया गया था। श्यामू श्रीवास, नरेंद्र देवांगन, प्रदीप देवांगन, प्रभाकर कर्ष, सुखीराम राकेश, अशोक राकेश, शिव राकेश, प्रतीक श्रीवास, अनूप, छोटेलाल, अमन, विकास, तुषार, सुमित और अमन सीताराम जैसे युवाओं ने पूरे समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दीं। वहीं दूसरी ओर रवि राकेश के नेतृत्व में एक अलग प्रसाद वितरण केंद्र भी संचालित किया गया, जिसमें लखन जायसवाल, भारत राकेश, चंद्रशेखर राकेश और दुर्गेश राकेश का सराहनीय योगदान रहा। सावन के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।




## श्री महल सिनेमा में दर्शकों से दुर्व्यवहार फिर चर्चा में आया सिनेमा हॉल

**भटगांव।** नगर का श्री महल सिनेमा एक बार फिर से विवादों में है। दर्शकों से दुर्व्यवहार और स्टाफ की बदसलूकी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे सिनेमा हॉल की छवि पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला चर्चित फिल्म 'सैयरा' के टिकट को लेकर सामने आया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक दर्शक खुशी-खुशी टिकट लेने श्री महल सिनेमा पहुंचा। लेकिन टिकट काउंटर पर कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। आवाज देने पर जब एक कर्मचारी बाहर आया, तो उसने गुस्से में कहा—"अभी लाइट बंद है, टिकट नहीं मिलेगा"—और अंदर चला गया। ग्राहक की खुशी उस वक्त मायूसी में बदल गई जब बिना कारण के उसे इस तरह की बेरुखी झेलनी पड़ी। यह पहली बार नहीं है जब श्री महल सिनेमा स्टाफ के दुर्व्यवहार को लेकर चर्चा में आया है। पूर्व में भी मारपीट, अभद्र भाषा और स्टाफ के असंवेदनशील रवैये से संबंधित कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों में व्यवहार की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, लेकिन श्री महल सिनेमा प्रबंधन इस दिशा में बिल्कुल लापरवाह दिखता है।

### कृषि विभाग ने की अपील, ग्राम स्तर पर चल रहा प्रचार-प्रसार

# किसान 31 जुलाई तक कराएं खरीफ की फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

बिलाईगढ़ विकासखंड के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल को सुरक्षा कवच देने का सुनहरा मौका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि वर्षा आधारित खरीफ सीजन की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसको लेकर किसानों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाने के लिए ग्राम कृषि विस्तार अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय किया गया है। वे घर-घर जाकर किसानों को योजना के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें एग्री स्टॉक पोर्टल पर पंजीयन कराने की जानकारी दे रहे हैं।



#### अब भी कर सकते हैं पंजीयन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ की फसलों के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित है। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीट-व्याधियों, अतिवृष्टि, सूखा या अन्य कारणों से फसल क्षति होने की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। किसान अपने नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केंद्र या मान्यता प्राप्त बैंक शाखा में जाकर पंजीयन करवा सकते हैं।

#### इन फसलों का कराएं बीमा, तय है प्रीमियम

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए उड़द की बीमा राशि 29,000 है, जिसमें किसान को 580 रूपये प्रीमियम देना होगा। मूंग की बीमा राशि 29,000, प्रीमियम 290 है। मूंगफली के लिए 49,000 बीमा में 980 प्रीमियम रखा गया है। कोदो के लिए 17,000 बीमा राशि में किसान को 170 देना होगा, कुटकी 19,000 में 190 प्रीमियम है। मक्का 39,000 की बीमा राशि पर 780 प्रीमियम देना होगा। धान असिंचित के लिए 43,000 बीमा राशि में 860 देना होगा, जबकि धान सिंचित के लिए 55,000 बीमा राशि पर किसान को 1100 प्रीमियम देना होगा। इसी तरह अरहर की बीमा राशि 43,000 है, जिसमें किसान को 447 प्रीमियम देना है। रागी के लिए 16,000 की बीमा राशि पर 160, और सोयाबीन के लिए 30,000 बीमा राशि में 300 प्रीमियम देना होगा।

